an>

title: Need to sanction laying of new railway lines in Balaghat parliamentary constituency, Madhya Pradesh.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट एवं सिवनी जिले में यात्रियों के आवागमन हेतु पर्याप्त रेल सुविधाएं नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संसदीय क्षेत्र में आदिवासी, अनु.जाति तथा पिछड़े वर्ग के लोग अत्यधिक संख्या में निवास करते हैं। यह जिला नक्सल प्रभावित श्रेणी में आता है। इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कान्हा एवं पेंच नेशनल पार्क आते हैं, जिसमें हज़ारों पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं एवं मलाजखंड में हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की सबसे बड़ी भूमिगत खान संचालित है। लोगों को व्यापार, व्यवसाय तथा आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेलवे सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि लामता से बैहर मलाजखंड, हट्टा से लांजी आमगांव तथा सिवनी से बरघाट, वारासिवनी से खैरलांजी तिरोड़ा नई रेल लाईन को अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करें जिससे लोगों को व्यापार, व्यवसाय एवं आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।